आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 29.10.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुम्बई में भारत समुद्री सप्ताह के सम्मेलन में बंदरगाहों और जहाज निर्माण के विकास की सरहाना की। प्रधानमंत्री ने कहा भारत बनेगा विश्व व्यापार का लाइटहाउस।
- केन्द्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने कहा अंडमान निकोबार से जुड़े समुद्री व्यापार और कनेक्टीविटी को मिलेगा नया प्रोत्साहन।
- दक्षिण अंडमान दिशा समिति के लिए सांसद बिष्णु पद रे ने सात सदस्यों का किया नामंकन। समिति करेगी विकास योजनाओं की समीक्षा।
- सरदार @150 राष्ट्रीय एकता पद यात्रा की तैयारियाँ शुरू। अंडमान निकोबार प्रशासन और माय भारत मिलकर करेंगे पद यात्रा का आयोजन।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि समुद्री क्षेत्र भारत के आर्थिक विकास को नई गति प्रदान कर रहा है। मुंबई में भारत समुद्री सप्ताह 2025 के अंतर्गत आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में इस क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन हुए हैं। भारत के बंदरगाह आज विकासशील देशों में सबसे कुशल माने जाते हैं और कई मामलों में विकसित देशों से भी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों और आपूर्ति श्रृंखला में बदलाव के बीच भारत रणनीतिक स्वायत्तता और स्थिरता का प्रतीक बनकर उभर रहा है। उन्होंने बताया कि जहाज निर्माण को बढ़ावा देने के लिए बड़े जहाजों को अब बुनियादी ढांचा संपत्ति का दर्जा दिया गया है और पुराने औपनिवेशिक नौवहन कानूनों को आधुनिक स्वरूप दिया गया है।

<><><><><><><>

मुंबई में आयोजित 'रिवाइटलाइजिंग इंडियाज् मैरिटाइम मैन्युफैक्चरिंग कांफ्रेंस' में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भारत के समुद्री और ऊर्जा क्षेत्रों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत की बढ़ती आर्थिक वृद्धि और ऊर्जा आवश्यकताएं शिपिंग उद्योग पर निर्भर हैं। भारत अठासी प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है और शिपिंग उद्योग का योगदान महत्वपूर्ण है। भारतीय जहाजों से केवल बीस प्रतिशत व्यापारिक माल ही परिवहन होता है, जिसे बढ़ाने के लिए सरकार ने कई योजनाएं बनाई हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में समुद्री क्षेत्र के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने आज हरियाणा के अंबाला वायु सेना स्टेशन से राफेल विमान में उड़ान भरी, और इस प्रकार वह भारतीय वायु सेना के दो लड़ाकू विमानों में उड़ान भरने वाली पहली राष्ट्रपति बन गईं। श्रीमती मुर्मू ने तीस मिनट तक उड़ान भरते हुए लगभग दो सौ किलोमीटर की दूरी तय की और समुद्र तल से पन्द्रह हजार फीट की ऊंचाई पर सात सौ किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उड़ान भरी। राफेल विमान को सत्रह स्क्वाड्रन के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन अमित गेहानी ने उड़ाया। राष्ट्रपति ने अपनी उड़ान के बाद आगंतुक पुस्तिका में लिखा, "यह उड़ान मेरे लिए एक अविस्मरणीय अनुभव है और इसने राष्ट्र की रक्षा क्षमताओं के प्रति गर्व की एक नई भावना उत्पन्न की है।" अंबाला वायु सेना स्टेशन वही स्थल है जहां भारतीय वायु सेना ने फ्रांस से राफेल विमान प्राप्त किए थे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इक्तीस अक्तूबर को दोपहर पौने तीन बजे नई दिल्ली के रोहिणी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय आर्यन समिट 2025 में भाग लेंगे। यह आयोजन महर्षि दयानंद सरस्वती की दो सौवीं जयंती और आर्य समाज की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हो रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री सभा को संबोधित भी करेंगे।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के सांसद बिष्णु पद रे ने दिशा समिति, दक्षिण अंडमान के लिए सात सदस्यों का नामांकन किया है। दिशा समिति की अध्यक्षता सांसद द्वारा की जाती है। यह समिति विभिन्न

केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए गठित की गई है। समिति की बैठक इकत्तीस अक्टूबर को सुबह दस बजे, जिला परिषद भवन, दक्षिण अंडमान में आयोजित की जाएगी। यह समिति प्रत्येक तिमाही में बैठक कर विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेगी ताकि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ जनसामान्य तक प्रभावी रूप से पहुँच सके।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान के उप–आयुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आज सरदार@150– राष्ट्रीय एकता पद यात्रा की योजना पर बैठक का आयोजन किया गया। दक्षिण अंडमान उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में एक सौ पचासवीं जयंती के उपलक्ष्य में सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को सम्मानित करने के लिए सरदार@150 – राष्ट्रीय एकता पद यात्रा के आयोजन की विस्तृत योजना पर चर्चा की गई। यह पद यात्रा अंडमान और निकोबार प्रशासन और MYभारत, श्री विजयपुरम द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की जाएगी। बैठक में दो प्रमुख पद यात्राओं का आयोजन तय किया गया। इन कार्यक्रमों में हजार से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे।

<><><><><><>

अंडमान और निकोबार प्रशासन इकतीस अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती के उपलक्ष्य में "राष्ट्रीय एकता दिवस" मना रहा है। इस अवसर पर सुबह छ बजे नेताजी स्टेडियम, श्री विजयपुरम से एक एकता दौड़ आयोजित की जाएगी। लगभग पांच सौ प्रतिभागी इस दौड़ में हिस्सा लेंगे। यह दौड़ नेताजी स्टेडियम, घंटाघर, बंगाली क्लब, एस वी पी एम सी कार्यालय, अबरडीन बाजार होते हुए नेताजी स्टेडियम में सम्पन्न होगा। इस आयोजन का उद्देश्य राष्ट्र की एकता, अखंडता और सरदार पटेल के योगदान के प्रति सम्मान प्रकट करना है।

<><><><><><>

वस्तु और सेवा कर– जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। इस सिलसिले में द्वीपों के ऑटोमोबाइल क्षेत्र से जुड़े कर्मचारी ने आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में जी एस टी में हुए सुधार की सराहना की।

<><><><><><>

मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत प्रोग्राम ऑफिसर तथा प्रोग्राम असिस्टेंट पदों के लिए निर्धारित साक्षात्कार प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिया गया है। मिशन वात्सल्य के नोडल अधिकारी द्वारा यह सूचना जारी की गई है।

<><><><><><>

खराब मौसम के कारण तीस और इक्तीस अक्टूबर को प्रस्तावित "ओपन तीरंदाजी प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला)" स्थगित कर दी गई है। नई तिथि शीघ्र ही घोषित की जाएगी।

<><><><><><>

आकाशवाणी, श्री विजयपुरम में हिंदी कैजुअल असाइनीज के लिए आयोजित ऑडिशन टेस्ट का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया गया है। परिणाम आकाशवाणी के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है। सफल अभ्यार्थियों से अनुरोध किया गया है कि वे कार्यालय समय के दौरान आकाशवाणी कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अपना सूचना पत्र प्राप्त करें।

<><><><><><>

प्रशासन ने जानकारी दी है कि कल सुबह साढ़े नौ बजे से एक बजे तक ब्रिचगंज स्थित चिन्थे लॉन्ग रेंज का उपयोग छोटे हथियारों के फायरिंग अभ्यास के लिए किया जाएगा। स्थानीय जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे इस क्षेत्र के आसपास ना जाएं।

<><><><><><>